Title: Need for alround development of Delhi.

श्री विज्य गोयल (चांदनी चौक): राजधानी दिल्ली, दिल्ली की नहीं पूरे देश की है। पूरी संसद को दिल्ली के बारे में चिन्ता होनी चाहिए एवं राजधानी के लिए विशेष योजनाएं एवं विशेष प्रकल्प होने चाहिए। दिल्ली में प्रदूषण, बिजली, पानी, अवैध निर्माण, अवैध कब्जे, यमुना प्रदूषण आदि बहुत सी समस्यायें हैं।

दिल्ली में आज यमुना नदी में 17 गन्दे नाले गिर रहे हैं। इनके किनारों पर सीवर ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाने की आवश्यकता है। दिल्ली के प्रदूषण एवं ट्रैफिक समस्या को रोकने के लिए वाहनों के संचालन संबंधी नियम बनाए जाने की आवश्यकता है। प्रदूषण फैलाने वाली सभी प्रकार फैक्टिरयों की दिल्ली में लगाने पर रोक लगनी चाहिए। नए आने वाले बहुत से प्रोजेक्ट दिल्ली के आस-पास के प्रदेशों में लगाने चाहिए ताकि दिल्ली में बढ़ती भीड़-भीड़ को रोका जा सके।

राट्रीय राजधानी क्षेत्र का तुरंत विकास किया जाना चाहिए। दिल्ली में विभिन्न निकायों के कारण जो विकास में बाधाएं आ रही हैं, उनको खत्म कर दिल्ली को तुरंत राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए।

चांदनी चौक दिल्ली का दिल है। चांदनी चौक की हर गली ऐतिहासिक है। सरकार को चाहिए कि इस ऐतिहासिक शहर को बर्बाद होने से बचाए। इसके लिए एक विकास बोर्ड स्थापित किया जाना चाहिए जो चांदनी चौक की ऐतिहासिक इमारतों की रक्षा करे। गंगा-जमुनी तहजीब वाले चांदनी चौक को अवैध मार्किटों के कारण हो रहे लोगों के पलायन से बचाएं। तंग गलियों में पानी, बिजली, सीवर की विशेष व्यवस्था करने के लिए एक बड़ी धनराशि उपलब्ध करायी जानी चाहिए एवं चांदनी चौक को एक पर्यटक केन्द्र की तरह विकसित किया जाना चाहिए।